उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1552.............. **संवाद–85** दिनांक /Date.: 02-02-2021

विषयः– राज्य सरकार के निर्णय के अनुरूप अभ्यर्थियों को कतिपय विज्ञापनों में ऊपरी आयुसीमा में 06 माह की छूट दिये जाने के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

कोरोना संक्रमण के कारण राज्य सरकार द्वारा शासनादेश दिनांक 09.12.2020 के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि संक्रमण के कारण कुछ अभ्यर्थी जो ऊपरी आयुसीमा पार कर जाने के कारण आवेदन पत्र भरने के लिए पात्र नहीं रह गये हैं उन्हें ऊपरी आयुसीमा में 06 माह की छूट दी जाय व इसके लिए ऊपरी आयुसीमा के लिए निश्चायक तिथि 01 जनवरी, 2020 करने का निर्णय लिया गया इस निर्णय को स्वीकार करते हुये आयोग द्वारा जो विज्ञापन 01 जुलाई, 2020 के उपरांत जारी हुये उन चारों विज्ञापनों में यह छूट देने का निर्णय लिया गया क्योंकि 01 जुलाई, 2020 से पूर्व के विज्ञापनों में आयु के लिए निश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2019 थी। इसमें स्नातक स्तरीय विज्ञापन संख्या–29/2020, दिनांक 06 नवम्बर, 2020 में आयोग द्वारा यह छूट पूर्व में दी जा चुकी है। पदनाम–वैयक्तिक सहायक, विज्ञापन संख्या–26, दिनांक 27 जुलाई, 2020 तथा पदनाम–लेखा लिपिक, विज्ञापन संख्या–27/2020, दिनांक 27 जुलाई, 2020 में यह छूट दिये जाने हेतु अधिसूचना संख्या–1534 दिनांक 01 फरवरी, 2021 के द्वारा दी गयी है।

इन दोनों विज्ञापनों के लिए ऐसे अभ्यर्थी जो शासनादेश दिनांक 09 दिसम्बर, 2020 के अनुसार आयुसीमा छूट के अनुसार पात्रता श्रेणी में आते हैं वे दिनांक 05 फरवरी से दिनांक 18 फरवरी, 2021 के मध्य अपना आवेदन–पत्र आयोग की वेबसाइट पर भर सकते हैं। इन मामलों में केवल वे अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगे जो नियमानुसार ऊपरी आयुसीमा में 06 माह की छूट के लिए पात्र है। अन्य किसी श्रेणी के लिए आवेदन–पत्र अनुमन्य नहीं होगा।

इसके अतिरिक्त विज्ञापन संख्या–28 दिनांक 13 अक्टूबर, 2020 सहायक अध्यापक, एल0टी0 के लिए भी यह छूट शीघ्र ही अनुमन्य की जायगी। वर्तमान में चूंकि राज्य सरकार द्वारा कला विषय के अभ्यर्थियों के लिए सेवा नियमों में परिवर्तन की सूचना आयोग को शीघ्र प्राप्त होने की संभावना है अतः कला विषय के साथ आयु में छूट के लिए एक साथ आवेदन प्रक्रिया को तद्नुसार शीघ्र खोला जायेगा।

यह भी उल्लेख करना है कि विज्ञापन संख्या–26 दिनांक 27 जुलाई, 2020 तथा विज्ञापन संख्या–27, दिनांक 27 जुलाई, 2020 की परीक्षायें मार्च माह में तथा विज्ञापन संख्या–28 दिनांक 13 अक्टूबर, 2020 सहायक अध्यापक, एल0टी0 की परीक्षा अप्रैल माह में कराये जाने हेतु प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम पूर्व में ही जारी किया गया है। अतः इनकी परीक्षायें तद्नुसार ही आयोजित करने का प्रयास आयोग द्वारा किया जा रहा है।

कृपया तद्नुसार पात्र अभ्यर्थी समय पर अपने आवेदन पत्रों को पूर्ण कर लें।

आयोग की ओर से,

2/2/21

(संतोष बडोनी)
सचिव।